# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 7 फरवरी, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**भारतीय नौ सेना को वरुणास्त्र सौंपा गया**



बीडीएल द्वारा विनिर्मित भारी टॉरपिडो 'वरुणास्त्र' आज भारतीय नौ सेना को सौंपा गया।

दिनांक 7 फरवरी, 2020 को लखनऊ में आयोजित Defexpo-2020 के दौरान माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मानानीय रक्षा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाईक, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, आर अण्ड डी रक्षा विभाग के सचिव, डी आर डी ओ के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी और बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) के समक्ष में इस वरुणास्त्र को द्वारा कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल पी अजित कुमार को सौंपा।

एन एस टी एल, डी आर डी ओ द्वारा विकसित एवं बीडीएल की विशाखापट्टणम की अपनी इकाई में विनिर्मित 'वरुणास्त्र' जहाज में प्रमोचित भारी पनडुब्बी रोधी एक प्रोन्नत टॉरपिडो है। इसकी गति 20 से 40 नॉट है। यह ध्वानिक प्रतिमारक परिवेश में तथा उथली/गहरें जल में परिचालित शामक, एनिकॉयिक पनडुब्बियों को भेदने में सक्षम है। इस टॉरपिडो को प्रयुक्त किए जा रहे सभी प्रकार के मुख्य श्रेणी के जहाजों से प्रमोचित किया जा सकता है।